# रोमांच व कौतूहल से भरी होगी जेएनएसी की ओर से आयोजित

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 प्रतियोगिता

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में जन भागीदारी को जारी किया गया क्यूआर कोड

**जमशेदपुर :** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छ प्रतियोगिता 2022 का आयोजन जमशेदपुर अक्षेस कार्यालय द्वारा किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से ऑडियो, जंगल ड्राइंग या पोस्टर शॉर्ट मूवी, दीवार चित्र तथा नुक्कड़ नाटक से



संबंधित वीडियो तथा फोटो अपलोड करने हेतु क्यूआर कोड दिया गया है. इसे स्कैन करके अपलोड कर सकते हैं. इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तारीख 25 दिसंबर है. प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्र सीमा की बाध्यता नहीं है.

## जेएनएसी में स्वच्छ प्रतियोगिता 2022 का आयोजन

**जमशेदपुर.** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति की ओर से स्वच्छ प्रतियोगिता 2022 का आयोजन किया गया है. गुरुवार को जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत शहरवासियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छ प्रतियोगिता 2022 का आयोजन जमशेदपुर अक्षेस की ओर से किया जा रहा है. इसमें मुख्य रूप से ऑडियो जंगल, ड्राइंग या पोस्टर शॉर्ट मूवी, दीवाल चित्र और नुक्कड़ नाटक से संबंधित वीडियो व फोटो अपलोड करने के लिए क्यूआर कोड दिया गया है, जिसको स्कैन कर आम नागरिक अपलोड कर सकते हैं. इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तारीख 25 दिसंबर 2021 तक है. इसके बाद प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर ईनाम की घोषणा की जायेगी. इस प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्र सीमा की बाध्यता नहीं है.

## जेएनएसी... स्वच्छ प्रतियोगिता के लिए 25 तक होगा आवेदन

**जमशेदपुर |** जेएनएसी (जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति) ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 की तैयारी शुरू कर दी है। इससे आम जनता को जोड़ने के लिए स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसके लिए जेएनएसी की ओर से बकायदा क्यूआर कोड जारी किया गया है। लोग इस क्यूआर कोड को स्कैन कर प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 25 दिसंबर है। इसके बाद परिणाम की घोषणा होगी। जेएनएसी के एसओ कृष्ण कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए क्यूआर कोड जारी किया गया है। प्रतिभागी स्वच्छता से संबंधित जिंगल वेल ऑडियो, पोस्टर, शॉर्ट मूवी, दीवार लेखन व नुक्कड़ नाटक से संबंधित वीडियो और फोटो अपलोड कर भेज सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्र सीमा की बाध्यता नहीं है। इसी प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन जुगसलाई नगर परिषद व मानगो नगर निगम की ओर से भी किया जा रहा है।

- समिति ने जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए क्यूआर कोड जारी किया
- प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उम्र सीमा की बाध्यता को भी खत्म किया